## कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2018/3140                                                                 लखनऊःदिनांक 14 सितम्बर 2018

**यू0पी0 नीट यू0जी0–2018 अन्तर्गत प्रदेश के निजी क्षेत्र के डेंटल कालेजों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑन लाईन पंजीकरण के सम्बन्ध में।**

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय में आयोजित काउंसिलिंग बोर्ड की बैठक दिनांक 13.09.2018 में यह निर्णय लिया गया कि छात्र हित में प्रदेश के निजी क्षेत्र के डेंटल कालेजों में रिक्त सीटों पर प्रवेश का अन्तिम अवसर प्रदान करने हेतु ऑन–लाईन पंजीकरण खोल दिया जाय, उक्त के कम में ऑन–लाईन पंजीकरण की तिथियाँ निम्नवत् निर्धारित की जा रही है:–

| | |
|---|---|
| आन लाईन पंजीकरण की तिथि | दिनांक 14 सितम्बर, 2018 (अपरान्ह 1:00 बजे से दिनांक 15 सितम्बर 2018 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) तक |

### ऑन लाईन पंजीकरण कराये जाने वाले अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में पात्रता का विवरण निम्नवत् है:–

1. ऑन–लाईन पंजीकरण का शुल्क रू0 1000 निर्धारित है।
2. ऐसे अभ्यर्थी जो नीट यू0जी0 2018 की प्रथम चक, द्वितीय चक, प्रथम मॉप–अप, द्वितीय मॉप–अप राउन्ड की प्रकिया हेतु अपना पंजीकरण किन्ही कारणों से नही करा पाये है, ऐसे अभ्यर्थी अपना पंजीकरण करा सकते है।
3. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने प्रथम चक, द्वितीय चक, प्रथम मॉप–अप, द्वितीय मॉप–अप राउन्ड की प्रकिया से आवंटन प्राप्त किया था, परन्तु प्रवेश प्रकिया पूर्ण नही की अथवा प्रवेशित सीट से त्यागपत्र दे दिया, वर्तमान में ऐसे अभ्यर्थी को इस शर्त के साथ पंजीकरण/प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाती है, कि पूर्व में सीट आंवटन के समय उनके द्वारा जमा की गयी धरोहर धनराशि एवं प्रवेश के समय जमा की गयी शिक्षण शुल्क की धनराशि किसी भी दशा में वापस नही की जायेगी।
4. प्रवेश की प्रकिया सम्बन्धित निजी क्षेत्र के डेंटल कालेजों में ही पूर्ण की जानी है, अतएव अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि शिक्षण शुल्क का बैंक ड्राफ्ट सीधे सम्बन्धित डेंटल कालेजों में जमा करते हुये प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करें।
5. भारतीय दंत परिषद नई दिल्ली द्वारा निर्गत नोटिफिकेशन के अनुसार बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांक 15.09.2018 निर्धारित है।
6. अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in & www.updgme.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक